## लायंस क्लब द्वारा मुंबई के कलाकारों का सम्मान




इंदौर। विविध रंगीय सांस्कृतिक संध्या में मुंबई के हास्य कवि सम्राट सुनील पाल मुकेश गौतम, पंकज पुरोहित ,गायक चिंतन बाकीवाला रॉकस्टार, अल्तमश, कपिल पुरोहित, अहमद रजा ,राहुल राय,गायिका गर्विता जैन, अभिनेत्री उन्नति सिंग,चित्रा शुक्ला नृत्यांगना विपिशा लाड,फिल्म निर्देशक सुनील तिवारी का लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य जिला गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल, दिनेश रणधर ,एन.के मेहता, मुकेश सक्सेना सुरेंद्र सिंह रुपायना, सूरज जायसवाल ने सम्मान किया ।

मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन मालवा रंगमंच समिति व विश्वहिंदी अकादमी द्वारा केशवराय जी के संयोजन में फिनिक्स मॉल में सैकड़ो श्रोताओ के बीच किया गया ।

## पैनासोनिक एनर्जी इंडिया को मिला नया नेतृत्व अकीओ फुजिता बने चेयरमैन और एमडी



पीथमपुर। पैनासोनिक एनर्जी इंडिया कंपनी लिमिटेड ने अकीओ फुजिता को अपना नया चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 1 जुलाईसे प्रभावी हो चुकी है।

श्री फुजिता इससे पूर्व जापान में पैनासोनिक एनर्जी कंपनी की कंज़्यूमर एनर्जी यूनिट में रणनीति नेतृत्व की भूमिका निभा चुके हैं। भारत को एक रणनीतिक और तेजी से उभरता हुआ बाजार बताते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी का फोकस वितरण नेटवर्क को विस्तार देना, उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुसार उत्पाद पोर्टफोलियो को अपडेट करना, और क्वालिटी बैटरियों की पेशकश करना रहेगा।

इससे पहले चेयरमैन रहे अकिनोरी इसोमुरा के कार्यकाल में कंपनी ने वित्तीय मजबूती पाई और मार्च 2025 तक इसका मार्केट कैप 2,586 मिलियन रुपये तक पहुंच गया। उन्होंने कंपनी को एक स्थिर और लाभदायक व्यवसाय के रूप में स्थापित किया।

## 1 महीने पहले रिपेयर किया और फिर गड्ढे हो गए



इंदौर। 1 महीने पहले रिपेयर किया और फिर गड्ढे हो गए और खंबे पर स्ट्रेट लाइट ना होने के कारण कई लोग रात में घायल हो रहे हैं यह रोड इंदौर जिले का है जो वार्ड 76 भिचोली हप्सी से इंदौर बंगाली चौराहे तरफ जाता है।

इसे झंडी का रोड भी बोलते हैं क्यों किया यहा हरा भरा हिस्सा है इसलिए बोलते हैं लोक निर्माण विभाग द्वारा 1 महीने पहले इस रोड को रिपेयर किया गया था जौकी जरा से पानी गिरने से ही पूरा रोड फिर से खुद गया जहां रात में आने जाने वहांन वाले लोग गिरते पढ़ने और घायल हो जाते हैं क्योंकि यहां अंधेरा है खाबो पर लाइट भी नहीं है स्ट्रीट लाइट और यह गड्ढे दिखते नहीं और अभी पानी गिरने से यह गड्ढे भर जाते हैं तो नहीं दिखते जिसे जान हानिका भी हो सकता है क्योंकि कई लोग यहां पर घायल हो चुके हैं।

## बसपा की बैठक सम्पन्न



इंदौर। विधानसभा सांवेर के गाव डाकाचा में मिटिंग रखी गई जिसके मुख्य अथिति धीरेंद् निराला जोन प्रभारी बसपा इंदौर विशेष अथिति कमल किशोर सोलंकी जिला अध्यक्ष -बहुजन समाज पार्टी इंदौर सांवेर विधानसभा प्रभारी मेहरबां चौहान महेश चौहान सांवेर विधान सभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति थे यह जानकारी संभागीय प्रवक्ता मीडिया प्रभारी सुरेश वानखेडे द्वारा दी गई।

**कार्टून कोना..........**



# ई-वाहन के खरीदारों को नहीं मिल रहा योजना का फायदा

## मंजूरी के छह माह बाद भी लागू नहीं हुई इलेक्ट्रिक वाहन नीति

इंदौर। मप्र में पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर सरकार का फोकस इलेक्ट्रिक वाहनों पर है। इसके लिए सरकार ने छह माह पहले इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दी थी। लेकिन विडंबना यह है कि कैबिनेट की मंजूरी के बाद भी अभी तक इलेक्ट्रिक वाहन नीति लागू नहीं हो पाई है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि ई-वाहन खरीदारों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। मप्र सरकार की नीति के अनुसार मप्र में मार्च 2026 तक पंजीकृत होने वाले ई वाहनों पर मोटरयान कर में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं, 26 मार्च 2027 तक पंजीकृत होने वाले ई बस, ट्रैक्टर और एंबुलेंस को भी मोटरयान कर में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। प्रदेश में अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2025 के बीच प्रदेश में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक कुल वाहनों की संख्या 1,98,944 है। गौरतलब है कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इसके लिए डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने गत फरवरी में इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 को मंजूरी दी थी। इस नीति में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर प्रोत्साहन राशि देने के साथ ही ई-व्हीकल रजिस्ट्रेशन में छूट देने समेत अन्य प्रावधान किए गए हैं, लेकिन अब तक नीति लागू नहीं होने से ई-वाहन खरीदारों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नगरीय विकास एवं आवास विभाग नई नीति के संबंध में परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेज चुका है, लेकिन अब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ। यही वजह है कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति में किए गए प्रावधान लागू करने की दिशा में कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई है।



### 5 शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन पर जोर

इलेक्ट्रिक वाहन नीति के प्रस्ताव के अनुसार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर व उज्जैन को मॉडल इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इन शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन पर जोर दिया जाएगा। यहां वाहन की कैटेगरी के हिसाब से ई-व्हीकल रजिस्ट्रेशन में 15 से 100 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। ई-व्हीकल रजिस्ट्रेशन में दो पहिया वाहन को 40 प्रतिशत, कमर्शियल को 100 प्रतिशत, तीन पहिया वाहन के लिए 80, चार पहिया के लिए 15 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक बस के लिए 40 फीसदी छूट देने का प्रावधान नीति में किया गया है। इलेक्ट्रिक वाहन नीति पांच साल के लिए है। इसमें दो साल के भीतर प्रदेश के 80 प्रतिशत सरकारी वाहन ईवी में बदलने की बात कही गई है। सभी पंजीकृत ईवी पर ग्रीन नंबर प्लेट लगेगी। व्यक्तिगत उपयोग वाले ईवी को सफेद अक्षरों वाली एवं व्यावसायिक उपयोग वाले ईवी को पीले अक्षरों वाली ग्रीन नंबर प्लेट जारी की जाएगी।

### प्रदेश में 1,98,944 इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड

मप्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में पिछले दो साल से तेजी से वृद्धि हुई है। अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2025 के बीच प्रदेश में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक कुल वाहनों की संख्या 1,98,944 है। इनमें दो एवं तीन पहिया वाहन, इलेक्ट्रिक कार, ई-बसें आदि शामिल हैं। मप्र में वर्ष 2022 में ई-वाहनों की कुल संख्या लगभग 28,000 थी। दो पहिया वाहन ईवी का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। 2 साल में इंदौर में 47,000, भोपाल में 27,048, ग्वालियर में 21,665 और जबलपुर में 18,395 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। नई नीति में सार्वजनिक स्थलों पर चार्जिंग स्टेशनों के लिए वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। राजमार्गों, प्रमुख सडकों पर प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन, राजमार्गों पर प्रत्येक 100 किलोमीटर पर लंबी दूरी / हेवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक वाहन के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन (दोनों तरफ) लगाए जाएंगे। प्रत्येक एक किमी बाई, एक किमी ग्रिड में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित होगा। नीति अवधि के अंत तक सभी पेट्रोल पंपों पर कम से कम एक इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट लगाया जाएगा। इसके अलावा नई नीति के अनुसार पर्यटक, गांव, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के स्थान, प्रौद्योगिकी केंद्र, विशेष आर्थिक क्षेत्र, व्यावसायिक क्षेत्र में ई-मोबिलिटी जोन बनाए जाएंगे। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन केंद्रों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव भेजने के बाद इस संबंध में परिवहन विभाग से चर्चा हो चुकी है।

जल्द ही नीति लागू करने के संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि मध्य प्रदेश की इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 के तहत प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकरण पर 100 प्रतिशत मोटरयान कर में छूट देने का प्रविधान किया है। दो पहिया, तीन पहिया और कार के लिए एक वर्ष तक मोटरयान कर में शत प्रतिशत की छूट का प्राविधान किया है। दो पहिया वाहनों पर पांच हजार, तीन पहिया पर 10 हजार और ई कार पर 25 हजार रुपये की छूट वाहन कर और पंजीयन शुल्क में एक वर्ष के लिए देने का प्रविधान है।

## वह खून किस काम का जो देश के लिए काम ना आए

इंदौर (नवीन मौर्य) । वह खून किस काम का जो देश के लिए काम नाआए है तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के कथन को दोहराते हुए बच्चे , भगत सिंह के कथन मुझे अपने देश से प्रेम है और उन्होंने विवाह से इनकार कर दिया कहां मुझे परिवार का बंधन नहीं आजादी चाहिए इसलिए मेरी जान भी देश के लिए न्योछावर है।



बच्चों ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज धर्म रक्षक थे उन्होंने केसरिया पहनकर मुगलों से संघर्ष कर लोगों के मन में स्वतंत्रता की भावना जागृत की। अहिल्याबाई ने अपनी प्रजा के कल्याण के कार्यों को अपने जीवन में सबसे ज्यादा महत्व दिया में एक न्याय प्रिय रानी थी इन कथनों को अपनी कहानी में पिरोकर बच्चों ने वीरतापूर्ण न्याय पूर्ण कहानियों को श्रोताओं के समक्ष रखा । बच्चे विभिन्न महापुरुषों की वेशभूषाओं में सज धज कर भी आए थे देवी अहिल्या के 230 वे पुण्य स्मरण समारोह की श्रृंखला में चल रहे आयोजनों के तहत वीरों की कहानी बच्चों की जुबानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था विशेष बात यह थी इसमें ग्रामीण बच्चों के दृष्टिहीन संस्था के साथ छोटे-छोटे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे शामिल थे। वीरों की कहानी बच्चों की जुबानी प्रतियोगिता के प्रमुख ज्योत्सना खर्राटे एवं संयोजक तृप्ति महाजन ने बताया कि यह आयोजन तीन केंद्रों महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ स्कीम नंबर 54 बरेली ग्रामीण महिला संस्था भमोरी एवं संस्कार पाठशाला बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने पर रखा गया था। संस्कार पाठशाला केंद्र पर पूर्व लोकसभा स्पीकर एवं सांसद सुमित्रा महाजन भी मौजूद थी इस दौरान उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य देश के बच्चों को देश के वीरों के बारे में जानने का मौका मिले और वह उनके चरित्र से कुछ सीखें संस्कार पाठशाला नियमित स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को संस्कृत एवं शिक्षित करने का कार्य कर रही है। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रताप राव माने ,रामकिंकर गुप्ता, पंकज पलटन वाले ,वैशाली ऊर्धवारेषे , सारिका भवालकर, शिल्पा भालेराव थे। मनीष शर्मा, ममता कटारे, पायल गिरवाल, कोमल तायडे, रितेश, निकिता राठौड़ ,शानू चौधरी, प्रमिला शर्मा ने पुरस्कार जीते। अतिथि के रूप में संगीता जोशी एवं चंदू राव शिंदे शामिल हुए इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत जितेश होलकर अचला गंधे शुभम थोराट ने किया वही संचालन लक्ष्मण दातिर ने एवं आभार सुमेधा बावकर ने माना।

## मौसम बिगड़ा तो कारगर रहा बिजली कंपनी का ऊर्जस एप

इंदौर। बिजली वितरण कंपनी का मोबाइल एप ऊर्जस उपभोक्ताओं के लिए बहु उद्देश्यीय साबित हो रहा है। दो दिनों से जब मौसम में भारी बदलाव हुआ, आंधी चली, कई जिलों में पेड़ों की शाखाएं भी गिरी, इस दौरान ऊर्जस एप ने सैंकड़ों बिजली उपभोक्ताओं की मदद की। शनिवार और रविवार दो दिनों में दिन में ऊर्जस के माध्यम से कुल 1225 उपभोक्ताओं की समय पर मदद की गई।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के आदेश पर उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए कई प्रयास किए गए है। ऊर्जस एप के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को घर बैठे बिजली संबंधी शिकायत निवारण की सुविधा दी गई है।

मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि शनिवार और रविवार मौसम बिगड़ने के दौरान ऊर्जस एप ने उपभोक्ताओं की भरपूर मदद की। इस दौरान ऊर्जस एप के माध्यम से इंदौर शहर के सर्वाधिक 650, उज्जैन के 175 उपभोक्ताओं रतलाम के 50 उपभोक्ताओं के साथ ही खंडवा, धार, देवास के उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया गया। अन्य क्षेत्रों के उपभोक्ताओं ने भी ऊर्जस एप के माध्यम से शिकायतों का समाधान प्राप्त किया।

## नागपंचमी की पूर्व संध्या पर रामनाथ गुरु व्यामशाला में कार्यक्रम आयोजित



इंदौर। नागपंचमी की पूर्व संध्या पर श्री रामनाथ गुरु व्यायाम शाला एवं बालिका शस्त्र कला दल, बड़ी ग्वाल टोली इंदौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री रामनाथ गुरु व्यायाम शाला के संचालक कुश्ती कोच मुन्ना बौरासी पहलवान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नागपंचमी के एक दिन पूर्व अखाड़े का पूजन किया गया। मिट्टी बदली गई। सत्यनारायण कथा एवं सुंदरकांड पाठ किया गया। पधारे हुए सभी पहलवानों का साफा पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर केसरी भरत सकारे पहलवान, स्वर्ण पदक विजेता नंगू पहलवान, छन्नू पहलवान, काशी पहलवान, सुजीत गेहलोत मंडल अध्यक्ष नितेश जैन एवं कई अखाड़ों के खलीफा, पहलवान उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बालिका शस्त्र कला दल की संचालिका श्रीमती हेमलता बौरासी के द्वारा बालिकाओं को विगत कई वर्षों से शस्त्र कला का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को शासन बड़ी हुई ग्रेच्युटी का लाभ दे

इंदौर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि 07 वें वेतन आयोग के अनुसार कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में 50 प्रतिशत की वृद्धि होने पर ग्रेच्युटी की राशि में 25 प्रतिशत की राशि की वृद्धि का प्रावधान रखा गया है।




भारत सरकार द्वारा 01 जनवरी 2024 से अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर या मृत्यु उपरांत मिलने वाली ग्रेच्युटी की राशि की अधिकतम सीमा जो पूर्व में 20 लाख थी उसमें वृद्धि करते हुए अधिकतम सीमा 25 लाख हो गई है। इसके आदेश केंद्र सरकार द्वारा प्रसारित कर दिए गए हैं।

राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 01 जनवरी 2016 से राज्य में लागू 07 वें वेतन आयोग के निर्णय के अनुसार कर्मचारियों को 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ते के आदेश प्रसारित किए जाने के उपरांत आज तक ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपए किए जाने के आदेश प्रसारित नहीं किए गए हैं। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने राज्य के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी को 25 जुलाई को पत्र प्रेषित कर मांग की है कि जब केंद्र सरकार ने अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर या मृत्यु उपरांत ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 लाख कर दी है तो मध्यप्रदेश के सभी विभागों के सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए भी मिलने वाली ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपए अतिशीघ्र की जाएं।

श्री पाठक ने आग्रह किया है कि सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों, कर्मचारियों में बड़ रही व्याकुलता और रोष को ध्यान रखते हुए शासन द्वारा शीघ्र ही ग्रेच्युटी की अधिकतम राशि 25 लाख रुपए का आदेश प्रसारित किए जाएंगे तो आदेश प्रसारित होने पर फेडरेशन माननीय मुख्यमंत्री जी का आभारी रहेगा। यह जानकारी फेडरेशन के प्रदेश प्रवक्ता मदन वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### इंदौर समाचार से खास बातचीत में बोले सीएसपी रवि सोनेर

# अपराधी चाहे जितना रसूखदार हो, बख्शा नहीं जाएगा

पीथमपुर। नगर पुलिस अधीक्षक रवि सोनेर ने इंदौर समाचार संवाददाता नितिन राजपूत से विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पीथमपुर क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शहर में जल्द ही 100 स्थानों पर हाई-रेज़ोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनका कंट्रोल रूम थाने से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई संभव होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी चाहे कितना भी रसूखदार क्यों न हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चिन्हित बदमाशों की सूची बनाकर उनके खिलाफ चरणबद्ध तरीके से धरपकड़ की जाएगी।

सीएसपी सोनेर ने कहा कि अपराधों के मूल में नशा है, और इस प्रवृत्ति को खत्म करना जरूरी है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों में जनजागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। पुलिस विभाग द्वारा



युवाओं को जोड़ने के लिए 'युवा पुलिस मित्र अभियान' की भी शुरुआत की जाएगी।

सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, शराब दुकानों और सुनसान इलाकों में विशेष गश्त बढ़ाई जाएगी। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कुछ संवेदनशील स्थलों पर महिला पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरे, बीट मैपिंग और डिजिटल अपराध रिकॉर्ड की योजना पर भी काम शुरू हो चुका है।

रवि सोनेर ने उद्योग नगरी पीथमपुर की विशेषताओं को समझते हुए कहा कि कारखानों और प्लांट एरिया में सुरक्षा समन्वय बैठकों के ज़रिए प्रबंधन और सुरक्षाकर्मियों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जाएगा, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की रोकथाम समय रहते हो सके।

जनसुनवाई को लेकर उन्होंने दोहराया कि प्रत्येक मंगलवार को नागरिक सीधे सीएसपी कार्यालय में अपनी समस्याएं लेकर आ सकते हैं, और इन पर तत्काल प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा – ÷पुलिस आपकी मित्र है, यदि कोई व्यक्ति अपराध करता है, तो जानकारी देने से न डरें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जनता की भागीदारी के बिना अपराध नियंत्रण अधूरा है।

अंत में उन्होंने आश्वस्त किया कि पीथमपुर में अब अपराध नहीं, कानून की चलेगी। व्यवस्था और विश्वास बहाल करना ही हमारा संकल्प है।